
# 1241 पीतल के पृष्ठों पर उकेरी गई संपूर्ण रामायण

- स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज की प्रेरणा से लोकेश आदित्य मंगल की अनूठी साधना
- अयोध्या श्रीराम मंदिर को होगी समर्पित








शैलेन्द्र कश्यप

**इंदौर. भारतीय सनातन संस्कृति, धातु शिल्पकला और आध्यात्मिक परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हुए इंदौर के पीतल शिल्पकार लोकेश आदित्य मंगल ने 1,241 पीतल के पृष्ठों पर संपूर्ण रामायण अंकित कर एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है. यह विशेष कृति पूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज की प्रेरणा से वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर प्रारंभ की गई और कार्तिक पूर्णिमा के दिन पूर्ण हुई.**

विशेष बात यह है कि रामायण को आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से पीतल के पृष्ठों पर उकेरा गया है. इस कार्य की शुरुआत वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर की गई थी और लगभग 30 से 31 दिनों के भीतर इसे पूर्ण कर लिया गया. इस भव्य परियोजना में कई लोगों का सहयोग रहा, जबकि इसके निर्माण का संपूर्ण व्यय स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने स्वयं वहन किया. लोकेश आदित्य मंगल ने बताया कि इस अद्वितीय रामायण में कुल 1,241 पीतल के पृष्ठ हैं. इनमें उत्तरकांड के 67 पृष्ठ 7.5×8 इंच आकार के हैं, जबकि शेष सभी पृष्ठ 7×5 इंच आकार में तैयार किए गए हैं. प्रत्येक पृष्ठ पर अत्यंत सूक्ष्मता, धैर्य और उत्कृष्ट शिल्प कौशल के साथ रामायण का संपूर्ण पाठ अंकित किया गया है.



### कांडवार पृष्ठों का विवरण

बालकांड – 132 पृष्ठ
अयोध्याकांड – 256 पृष्ठ
अरण्यकांड – 131 पृष्ठ
किष्किंधाकांड – 153 पृष्ठ
सुंदरकांड – 176 पृष्ठ
युद्धकांड – 326 पृष्ठ
उत्तरकांड – 67 पृष्ठ

**सनातन संस्कृति के संरक्षण का विनम्र प्रयास**–लोकेश



आदित्य मंगल का कहना है कि यह केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के संरक्षण का विनम्र प्रयास है. उनका मानना है कि कागज समय के साथ नष्ट हो सकता है, लेकिन पीतल पर अंकित शब्द सदियों तक सुरक्षित रह सकते हैं. इसी सोच के साथ रामायण को धातु पर उकेरा गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर से प्रेरणा प्राप्त कर सकें. उन्होंने बताया कि इस विशेष रामायण को श्रद्धापूर्वक अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पित करने की तैयारी की जा रही है. उनका विश्वास है कि यह कृति भारतीय संस्कृति, आस्था और पारंपरिक धातु शिल्पकला का ऐसा प्रतीक बनेगी, जो देश ही नहीं बल्कि विश्वभर में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचय कराएगी.

### 10 किलो वजन है रामायण का

31 दिन का समय लगा 7 अक्टूबर से 5 नवंबर तक. इसमें देखा जाए तो इसका वजन करीब 10 से साढ़े 10 किलो के करीब है. प्रत्येक कांड को अलग-अलग तैयार किया गया है. इसमें युद्ध कांड में सबसे ज्यादा पेज लगे है. धातु के अलावा बाकी सभी काम सेवा के रूप में किए गए हैं, जिसमें 2481 पीएलटी फाइल का बनना हो, पेजों की कटिंग हो, इसमें होल करना हो. सभी के प्रयासों से ये काम किया गया है. धातु की बात करें तो 10 से 11 हजार रुपए के आसपास खर्च आया है. अगर कोई व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से इसे तैयार करवाते है तो इसमें लाखों का खर्च आता और साढ़े तीन साल का समय बनाने में लगता.

# मानसून को लेकर चिड़ियाघर में अलर्ट

- सभी जानवरों का वैक्सीनेशन पूरा
- फंगल संक्रमण से बचाव के इंतजाम



नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर में मानसून की दस्तक के साथ ही मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए. इंदौर प्राणी संग्रहालय प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है.**

जू प्रभारी उत्तम यादव ने बताया कि बारिश के मौसम को देखते हुए आवश्यक सभी तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई हैं. उन्होंने बताया कि जू में प्रत्येक जानवर के बाड़े एंक्लोजर में पहले से ही पर्याप्त सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध है। इसके अलावा अतिरिक्त शेड तैयार किए गए हैं. जिससे बारिश के दौरान अलग से तैयारी की आवश्यकता नहीं करना पड़े. उनका कहना है कि मानसून का मौसम अधिकांश वन्यजीवों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुकूल माना जाता है. उत्तम यादव ने बताया कि मौसम परिवर्तन के दौरान जानवरों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मानसून से पहले ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. सभी जानवरों का वैक्सीनेशन समय पर कराया जा चुका है. बाड़ों और आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि फंगल संक्रमण या अन्य मौसमी बीमारियों की आशंका को रोका जा सके.

# टीही रेलवे स्टेशन के रेलवे पुल संख्या–15 पर मरम्मत कार्य

- 15 दिनों तक बंद रहेगा सड़क यातायात

**इंदौर. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल अंतर्गत टीही रेलवे स्टेशन यार्ड स्थित रेलवे पुल संख्या–15 पर आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते इस मार्ग पर सड़क यातायात 15 दिनों के लिए पूर्णतः बंद रहेगा. यह प्रतिबंध 8 से 22 जुलाई तक प्रभावी रहेगा.**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेलवे पुल संख्या–15 पर मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुल से होकर गुजरने वाले सभी प्रकार के सड़क यातायात पर रोक रहेगी. रेल प्रशासन ने वाहन चालकों और आमजन की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया है. इस दौरान टीही रेलवे स्टेशन से राऊ–पीथमपुर मार्ग होते हुए भेसलाय गांव, रेलवे पुल संख्या–11, आगरा–मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग और पुनः टीही रेलवे स्टेशन मार्ग का उपयोग कर गंतव्य तक पहुंचा जा सकेगा. रेल प्रशासन ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान असुविधा से बचने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का ही उपयोग करें तथा यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करें.

# बरेली यार्ड में ब्लॉक के चलते इंदौर–बरेली एक्सप्रेस जुलाई में आठ फेरों तक निरस्त

नवभारत न्यूज

**इंदौर. उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बरेली यार्ड में प्रस्तावित ट्रैफिक ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से संचालित इंदौर–बरेली एक्सप्रेस के संचालन पर असर पड़ेगा. ब्लॉक के चलते यह ट्रेन दोनों दिशाओं में निर्धारित तिथियों पर निरस्त रहेगी.**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, ट्रेन संख्या 14320 इंदौर–बरेली एक्सप्रेस 9, 16, 23 एवं 30 जुलाई को इंदौर से अपने निर्धारित समय पर प्रस्थान नहीं करेगी. इसी प्रकार ट्रेन संख्या 14319 बरेली–इंदौर एक्सप्रेस 8, 15, 22 एवं 29 जुलाई 2026 को बरेली से निरस्त रहेगी।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले अपनी ट्रेन की वास्तविक स्थिति की जानकारी रेलवन ऐप अथवा रेलवे के आधिकारिक माध्यमों से अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि अनावश्यक असुविधा से बचा जा सके.

## एक नजर में

### शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण



इंदौर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से बजरंग नगर स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पौधों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।विद्यालय शिक्षकों ने कहा कि एक पौधा केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण की नींव है। सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया।

### सैमसंग गैलेक्सी ए27 5जी की बिक्री शुरू

इंदौर. सैमसंग ने भारत में अपने नए गैलेक्सी ए27 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है. यह स्मार्टफोन अब सैमसंग के एक्सक्लूसिव स्टोर्स, पार्टनर रिटेल आउटलेट्स, सेमसंग.कॉम और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है. गैलेक्सी ए27 5जी तीन आकर्षक रंगों में पेश किया गया है– लाइट ग्रीन, लाइट पिंक और ब्लैक. यह तीन मेमोरी वेरिएंट्स 6जीबी+ 128जीबी, 8जीबी+ 128जीबी और 8जीबी+ 256जीबी में उपलब्ध है. इसकी शुरुआती कीमत 28,999 रुपये रखी गई है. ग्राहकों को 3,000 रुपये तक का कैशबैक और जीरो डाउन पेमेंट जैसी आसान फाइनेंसिंग योजनाओं का भी लाभ मिलेगा. गैलेक्सी ए27 5जी में 6.7 इंच का 120हर्ट्ज सुपर एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जिसे कॉर्निंग गोरिल्ला विक्टस+ का प्रोटेक्शन मिलता है. स्मार्टफोन में 4एनएम स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म के साथ यूएफएस 3.1 स्टोरेज और एलपीडीडीआर 5एक्स रैम दी गई है, जिससे मल्टीटास्किंग और गेमिंग का अनुभव तेज और स्मूद रहता है. फोटोग्राफी के लिए इसमें 50एमपी ओआईएस प्राइमरी कैमरा दिया गया है, जो 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है.

### वॉलमार्ट वृद्धि ने मप्र के एमएसएमई इकोसिस्टम को किया मजबूत

इंदौर. वॉलमार्ट वृद्धि ने आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन (आई2आई) के साथ मिलकर इंदौर, मध्य प्रदेश में वॉलमार्ट वृद्धि एमएसएमई कनेक्ट 2026 की मेजबानी की. मध्य प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के साथ साझेदारी में यह आयोजन किया गया. इस कनेक्ट में उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, एमएसएमई उद्यमियों और अन्य संबंधित लोगों ने हिस्सा लिया और राज्य के एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने और डिजिटल एडॉप्शन को गति देने के अवसरों पर चर्चा की. साथ ही छोटे उद्यमों को वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से विकास के नए अवसरों तक पहुंचने में मदद की गई. वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, जनरल मर्चेंडाइजिंग एंड फैशन सोर्सिंग अनवीश गुप्ता ने कहा मध्य प्रदेश में एक डायनामिक एमएसएमई इकोसिस्टम है, जो आर्थिक विकास, इनोवेशन और रोजगार को गति देने में अहम भूमिका निभा रहा है. मध्य प्रदेश सरकार के साथ इस गठजोड़ के माध्यम से वॉलमार्ट वृद्धि उद्यमियों को अपनी कारोबारी क्षमता बढ़ाने, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को अपनाने और बाजार में नए अवसरों तक पहुंचने में मदद कर रहा है. मध्य प्रदेश सरकार के माननीय एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा, 'एक सशक्त एमएसएमई क्षेत्र हमारे माननीय मुख्यमंत्री के विकसित मध्य प्रदेश के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

### कंगना रनौत ने फराह और रितेश के अंदाज की तारीफ की

इंदौर. लॉक अप: सच या सज़ा में ड्रामा बढ़ता ही जा रहा है. जजमेंट डे एपिसोड में कंगना रनौत ज्यूरी के रूप में 'जनता की आवाज' बनकर पहुँचीं। सख्त जेलर, फराह खान और रितेश देशमुख लगातार इनमेट्स की जवाबदेही तय कर रहे हैं और किसी भी झूठ या बहानेबाजी को टिकने नहीं दे रहे हैं। ऐसे में कंगना की एंट्री ने रोमांच को और भी बढ़ा दिया है. फराह खान का ट्रेडमार्क सख्त प्यार और तेज नजर के कारण इनमेट्स हर पल सतर्क हैं, वहीं रितेश देशमुख का शांत पर दबंग अंदाज किसी भी इनमेट को अपने कामों के लिए जवाबदेही से बचने नहीं दे रहा है. इन दोनों ने मिलकर लॉक अप को एक ऐसी जगह बना दिया है, जहाँ ईमानदारी का इनाम मिलता है और धोखे की कीमत चुकानी पड़ती है. जेलर के रूप में फराह और रितेश के जबरदस्त अंदाज की तारीफ करते हुए कंगना रनौत ने कहा फराह और रितेश ने वही दबदबा बनाया है, जिसकी इस लॉक अप को ज़रूरत है. वो निष्पक्ष हैं, निडर हैं और इनमेट्स को उनकी गलतियों पर टोकने में कभी कोई समझौता नहीं करते. आज मैं यहाँ इसे एक कदम और आगे ले जाने के लिए 'जनता की आवाज' बनकर आई हूँ. दर्शक हर मूव को देख रहे हैं. अब समय है उनकी आवाज सुनने का.

# पूर्वी रिंग रोड के किसान मुआवजा नीति से सहमत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के नए पूर्वी रिंग रोड निर्माण को लेकर किसान सहमत हो गए हैं. शासन द्वारा गाइड लाइन बढ़ाने और मुआवजा नीति में सुधार करने के बाद सड़क निर्माण की सहमति दे दी है.**



आज कलेक्टर जनसुनवाई में सांवेर तहसील के किसान नए पूर्वी रिंग रोड में शासन द्वारा जमीन अधिग्रहण करने को लेकर चर्चा करने पहुंचे. इस दौरान किसानों ने कलेक्टर शिवम वर्मा के सामने जमीन लेने को लेकर चर्चा की. कलेक्टर से जमीन के बदले कितना मुआवजा और किस गाइड लाइन से राशि देने पर खुलासा करने की मांग की. कलेक्टर वर्मा ने बताया कि शासन ने जो ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के किसानों को जमीन के बदले चार गुना मुआवजा दिया है, वही पूर्वी रिंग रोड के किसानों को मिलेगा. किसानों ने बड़ी हुई गाइड लाइन दर से राशि देने की बात कही. इस पर कलेक्टर ने कहा है कि वर्तमान गाइड लाइन से ही चार गुना मुआवजा दिया जाएगा. किसानों ने शासन की मुआवजा नीति पर सहमति जताते हुए जमीन अधिग्रहण करने का काम जल्दी शुरू करने का कहा. उक्त मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि किसानों चार गुना मुआवजा और बढ़ी गाइड लाइन से जमीन देने पर राजी हो गए है. किसानों ने जमीन अधिग्रहण जल्दी कर सड़क निर्माण शुरू करने की सहमति दी है.



# भारत स्काउट एवं गाइड के वार्षिक कार्यक्रम का विमोचन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कलेक्टर ने आज भारत स्काउट एवं गाइड के वार्षिक कार्यक्रम का विमोचन किया. जिले के विद्यालयों में स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों संचालित करने के निर्देश दिए.**

भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा विद्यालयों में वार्षिक कार्यक्रम संचालन करने का कलेक्टर शिवम वर्मा ने विमोचन किया. कलेक्टर सभागार में जिले के विद्यालयों में स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों संचालित करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को दिए. जिला संघ द्वारा हर मंगलवार जिलाधीश कार्यालय में जनसुनवाई में स्काउट एवं गाइड द्वारा सेवा कार्यों की भी सहराना भी की. वार्षिक कार्यक्रम विमोचन के पूर्व जिला संघ अध्यक्ष भूपेन्द्र अडसूरे ने स्काउट परंपरा में कलेक्टर शिवम शर्मा का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर उपाध्यक्ष मनोहर मेहता, जिला सचिव दिलीप मेहता, कोषाध्यक्ष हेमंत मुरमकर, सयुंक्त सचिव वैजयंती गहलोत, सहा जिलाआयुक्त यश जोशी, स्काउटर कमलेश पंडित, विजय मोहिते एवं मालव कन्या उ मा विद्यालय की गाइडस भी उपस्थित थी.

# जीण भवानी माता का किया आकर्षक श्रृंगार

इंदौर. पाटनीपुरा स्थित जय श्री जीण भवानी माता मंदिर में मंगलवार, आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी अवसर पर माँ जीण भवानी के मनमोहक एवं अलौकिक श्रृंगार दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त हुए. मंदिर में प्रज्वलित अखंड ज्योति की दिव्य आभा के बीच भक्तों ने माँ के दर्शन कर सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की. इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा. श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार एवं समाज की खुशहाली के लिए प्रार्थना की. माँ जीण भवानी के आकर्षक श्रृंगार ने सभी भक्तों का मन मोह लिया. कार्यक्रम का आयोजन श्री जीण भवानी माता मासिक मंगलपाठ उत्सव समिति, इंदौर के तत्वावधान में किया गया. समिति द्वारा समय-समय पर आयोजित धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तों में आस्था एवं सेवा का भाव जागृत किया जाता है.



# एआई से रिपोर्ट और प्रेजेंटेशन बनाना पहले की तुलना में आसान

- आईएमए की वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने प्रोफेशल्स को दिए स्मार्ट वर्क के टिप्स

**इंदौर. उद्योग, व्यापार व शिक्षा के क्षेत्र में एआई की मदद से रिपोर्ट बनाना, दस्तावेज़ों का विश्लेषण, मीटिंग नोट्स बनाना, प्रेजेंटेशन बनाना पहले की तुलना में आसान हो गया है.**



यह बात आईएमए की वर्कशॉप में शामिल होने इंदौर आए अल्फा ग्रोथ विलेज के सीईओ अमित चावला ने कही. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा मंगलवार को जालसभा गृह में क्लाउड एआई फॉर एवरीडे प्रोडक्टिविटी विषय पर विशेष प्रशिक्षण वर्कशॉप आयोजित हुई. वर्कशॉप में उद्योग, व्यापार, शिक्षा, सर्विस सेक्टर व विभिन्न संस्थानों से जुड़े प्रोफेशनल्स, शिक्षकों और स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया. वर्कशॉप के दौरान सभी को प्रेक्टिकल प्रॉम्प्ट्स व वर्कफ्लो विषय पर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें एआई प्रॉम्प्ट तैयार करना, ऑफिस वर्क, शिक्षा और व्यवसाय से जुड़े दैनिक कार्यों में एआई का बेहतर उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया. सत्र के दौरान प्रतिभागियों को दस्तावेज़ों, रिपोर्टों, फाइलों का विश्लेषण, सारांश तैयार करना और कार्य से जुड़ी प्रमुख जानकारी कुछ ही मिनटों में प्राप्त करना भी सिखाया गया. अल्फा ग्रोथ विलेज के सीईओ अमित चावला ने वर्कशॉप को उपयोगी, और ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि दैनिक कार्यों में एआई के उपयोग से समय की बचत होगी और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. भविष्य में एआई का प्रभावी उपयोग प्रत्येक पेशेवर के लिए आवश्यक कौशल होगा. कार्यक्रम के समापन पर आईएमए के पदाधिकारियों ने मुख्य वक्ता अमित चावला का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया.

### कार्यों को आसान बनाने के तरीके सिखाए

जीमेल, माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक और गूगल शीट्स में एआई मददगार -वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को एआई को जीमेल और माइक्रोसॉफ्ट से जोड़ने की प्रक्रिया समझाई गई. एआई की मदद से ईमेल का सारांश तैयार करना, प्रोफेशनल ईमेल लिखना, उत्तर तैयार करना, महत्वपूर्ण जानकारी निकालना तथा हिंदी और अंग्रेज़ी का अनुवाद करना सिखाया गया. एक विशेष सत्र में गूगल शीट्स में एआई के उपयोग पर भी चर्चा हुई, जिसमें डेटा विश्लेषण, रिपोर्ट तैयार करना, त्रुटियों की पहचान करना तथा ऑटोमेशन के माध्यम से दोहराए जाने वाले कार्यों को तेज़ और आसान बनाने के तरीके बताए गए.

**एक नजर में** आईडीए द्वारा शहर में बनाए जा रहे इस पहले डबल डेकर ब्रिज की खासियत यह है कि मेट्रो के नीचे से आईडीए का एमआर 10 सड़क से सुपर कॉरिडोर जाने वाला ब्रिज है

# लव कुश डबल डेकर ब्रिज की एक भुजा इस महीने होगी शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए द्वारा लव कुश डबल डेकर ब्रिज को जुलाई में शुरू करने का लक्ष्य तय किया था, लेकिन अब उक्त डबल डेकर फ्लाई ओवर ब्रिज पिछड़ गया है. उक्त ब्रिज से आईडीए इस महीने के अंत में एक तरफ से यातायात शुरू करने की तैयारी कर रहा है.**



आईडीए लव कुश चौराहे पर बाणगंगा से उज्जैन रोड पर डेढ़ किलोमीटर लंबा ब्रिज का निर्माण कर रहा है. उक्त ब्रिज पर का काम अंतिम चरण में है. ब्रिज पर दोनों तरफ बो स्टिंग गर्डर लांच करने का काम पूरा हो चुका है. आईडीए द्वारा शहर में पहला डबल डेकर ब्रिज बनाया जा रहा है. उक्त ब्रिज की खासियत यह है कि नीचे से मैट्रो और मेट्रो के नीचे से आईडीए का एमआर 10 सड़क से सुपर कॉरिडोर जाने वाला ब्रिज है. डबल डेकर ब्रिज का 95 प्रतिशत काम हो चुका है और लव कुश चौराहे पर उक्त ब्रिज के चार स्पान में कुल 32 गर्डर डाली गई. उक्त ब्रिज का काम अंतिम चरण पहुंच गया है. आईडीए लवकुश चौराहा पर 147 करोड़ रुपए की लागत 24 मीटर चौड़ा 6 लेन ब्रिज का निर्माण कर रहा है. ब्रिज का निर्माण अहमदाबाद की विजय मिस्त्री कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है. उक्त ब्रिज का निर्माण कार्य दिसंबर में पूरा होने की संभावना बताई गई थी, लेकिन बो स्टिंग गर्डर लांच करने के कर्ज में चार महीने लग गए. आईडीए द्वारा अनुसार डबल डेकर ब्रिज पर जुलाई आवागमन शुरू हो करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन आईडीए जुलाई वाले लक्ष्य से भी पिछड़ गया है. अब आईडीए द्वारा लव कुश डबल डेकर फ्लाई ओवर ब्रिज के तरफ से इस महीने के अंत तक यातायात शुरू करने की योजना है.

### तकनीकी कार्यों से हुई देरी

आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े ने कहा कि कुछ तकनीकी कार्यों में देरी हो गई. इस महीने के अंत में एक तरफ से यातायात शुरू करने की तैयारी है. तीन लेन से आवागमन शुरू कर देंगे.